हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

04 मंगल सूत्र लूटने की दो वारदातें करने वाला अंतर...



07 आरटीओ कार्यालय में सक्रिय दलाल लोकेशन...





## खबर संक्षेप

### रैन बसेरा में पुस्तकों का दान करने की अपील

**सीहोर।** शहरी क्षेत्र मे संचालित आश्रय स्थल (रैन बसेरा मे आने वाले नागरिको को हिन्दी साहित्य व प्रेरणादायी पुस्तकें ज्ञानवर्धक (जनरल नालेज) पढ़ाने के लिए सुगमता से प्राप्त हो सके, उसके लिए सीएमओ नगर पालिका ने शहर के दानदाताओं से अपील की है कि वे पुस्तकों का दान रैन बसेरा में करके साहित्य को बढ़ावा देने मे सहयोग करें। रैन बसेरा नगरीय क्षेत्र गंगा आश्रम जिला अस्पताल के समीप एक रैन बसेरा नपा द्वारा संचालित किया जा रहा है।

### किसान पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक


**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत उप सचिव, म.प्र. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक होगा। जिन किसानों का पंजीयन शेष है, वे निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं। समर्थन मूल्य पर विक्रय की गई उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश आधार लिंक खाते में भुगतान संभव नहीं हो पाता है, तो पंजीयन के समय उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में राशि अंतरित की जाएगी। पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता क्रमांक एवं IFSC कोड की जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जनधन खाते, विगत 6 माह से अक्रियाशील खाते, संयुक्त खाते, फिनो, एयरटेल, पेटीएम तथा नाबालिग बैंक खाते पंजीयन हेतु मान्य नहीं होंगे। वन पट्टाधारी एवं सिकमी काश्तकार किसानों को पंजीयन के समय आवश्यक दस्तावेजों के साथ अनुबंध अथवा पट्टे की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

### करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही सीवन, नदी में हर तरफ परसी गंदगी

# सीवन की बदहाली के 20 सालः चार परिषदें आईं और गईं पर नहीं बदली जीवनदायिनी की तकदीर

कांवड़ यात्रा में प्रतिवर्ष देश भर से आते हैं श्रद्धालु, कड़वी यादें समेटकर अपने साथ लेकर जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की जीवनदायिनी सीवन नदी आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। विडंबना देखिए कि दो दशक पहले सीवन की जो स्थिति थी, आज भी हालात जस के तस हैं। इन 20 वर्षों में नगर पालिका में चार बार परिषदें बदलीं दर्जनों वादे किए गए और फाइलों में कई रिवर फ्रंट प्लान बने, लेकिन धरातल पर सीवन को जीवन देने में हर कोई नाकाम रहा।

बता दें सीवन नदी शहर की एकमात्र जीवन दायिनी हैं, जो शहर के बीचों बीच बहती है। सीवन नदी की वजह से शहर के आधे हिस्से के जलस्त्रोतों को रिचार्ज करने में मदद करती है। साथ ही सबसे बड़ी बात यह है कि पं. प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिवर्ष सावन के महीने में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। हर साल कुबेरेश्वर धाम की कांवड़ यात्रा में देशभर से लाखों श्रद्धालु आते हैं। वे इसी सीवन के महिला घाट से जल भरकर संकल्प लेते हैं, लेकिन नदी की दुर्दशा और गंदगी देखकर वे एक कड़वी याद साथ ले जाते हैं। कई बार तो सावन के महीने में भी नदी में इतना पानी नहीं होता कि कांवडिय़े आसानी से जल भर सकें।

हरिभूमि फोकस

#### अतिक्रमण की चपेट में, नोटिस दिखावे के

बता दें नदी को सुखाने में अतिक्रमणकारियों और ईंट भ_ों ने बड़ी भूमिका निभाई है। नदी के किनारों पर अवैध कब्जे हैं। हाल ही में 44 लोगों को नोटिस दिए गए थे, जिनमें से अधिकांश के पास वैध दस्तावेज तक नहीं थे। इसके बावजूद कार्रवाई के नाम पर प्रशासन सुस्त है। ईंट भ_ों के कारण नदी का पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है, जिसे रोकने वाला कोई नहीं है।

#### बीते साल ही दिखाए थे रिवर फ्रंट के सपने

बता दें बीते साल भी नगर पालिका द्वारा सीवन उद्धार को लेकर बड़े-बड़े दावे किए थे। रविन फ्रंट डेवलपमेंट प्लान का राग अलापा गया था। इस प्लान में 7 घाटों के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का दावा किया गया था। हालांकि यह प्लान महज कागजों ही सीमित होकर रह गया। सीवन को जीवन देने में अब तक धरातल पर ऐसी कोई ठोस प्लानिंग नजर नहीं आई, जिससे कि कहा जा सके कि अब सीवन को जीवन मिलेगा।

#### गहरीकरण किए जाने के नाम पर केवल मिट्टी निकाल कर डाल दी

पिछले दो दशकों में जब भी गहरीकरण की बात हुई वह केवल दिखावा साबित हुई। बिना किसी ठोस प्लानिंग के मशीनें उतारी गईं और कुछ डंपर मिट्टी निकालकर काम समेट लिया गया। इन दो दशकों के दौरान हर बार परिषद को नए अध्यक्ष मिले, सभी से शहरवासियों ने यह उम्मीद लगाई कि यह परिषद सीवन का उद्धार करेगी, लेकिन हर परिषद ने सीवन के प्रति उदासी ही दी है।



## सरदार वल्लभभाई पटेल शास. महाविद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ जीएल रावल की अध्यक्षता में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ सुखदेव बैरागी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की शौर्य गाथा एवं विजय यात्रा को बड़े रोचक तरीके से संदर्भों के द्वारा समझाया गया। कार्यक्रम में अन्य वक्ता अनिल प्रजापति द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की रणनीति एवं युद्ध कौशल को बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ रावल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की कर प्रणाली एवं राज-व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ प्रेरणा पाठक डॉ सीमा तारें जैनुल आबदीन अजमेरी महेश गोयल सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाए जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुंचा दिया जाएगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाएं और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।

## स्टॉपडेम के प्लेटफॉर्म की काई व स्टॉपडेम में फसी गंदगी को किया गया साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बुधवार को हरिभूमि द्वारा 'स्टॉपडेम के फिसलन भरे प्लेटफार्म से निकल रहे लोग सफाई की आवश्यकता' नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा प्लेटफॉर्म की काई एवं स्टॉपडेम के गेट में फसी गंदगी की सफाई कराई गई। लखुंदर नदी पर बने स्टॉपडेम के प्लेटफार्म को लोगों ने आम रास्ता बना लिया है जबकि यहाँ काई जमी होने से फिसलन बनी हुई है जिसके कारण कभी भी हादसा हो सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश गौड़ ने मांग की है कि स्टॉपडेम एवं प्लेटफॉर्म के साथ ही लखुंदर नदी के किनारों की नियमित व समुचित रूप से साफ सफाई की जाना चाहिए, ताकि यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद दर्शनार्थी ले सकें।



**स्टॉपडेम के फिसलन भरे प्लेटफार्म से निकल रहे लोग**


नलखेड़ा। मां बगलामुखी मंदिर के पीछे लखुंदर नदी पर बने स्टॉपडेम के प्लेटफार्म को लोगों द्वारा आम रास्ता बना लिया गया है जबकि यहां काई जमी होने से फिसलन बनी हुई है जिसके कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। स्थानीय प्रशासन को उक्त प्लेटफॉर्म से लोगों की आवाजाही बंद की जाना चाहिए। वहीं इस प्लेटफॉर्म की समुचित सफाई भी करवाई जाना चाहिए स्टॉपडेम में जल स्तर कम हो जाने से अब लखुंदर नदी का जल प्रवाह लगभग बंद सा हो गया है जिसके चलते इसके दूसरी ओर बने प्लेटफॉर्म का उपयोग लोग नदी के इस किनारे से उस किनारे तक जाने में करने लगे है। उक्त प्लेटफॉर्म पर काई जमी होने से यहाँ फिसलन बनी हुई है जिसके कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। प्रशासन को उक्त प्लेटफॉर्म से लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित की जाना चाहिए साथ ही इस प्लेटफॉर्म की समुचित सफाई करवाई जाना चाहिए जिससे कि कोई उस पर हादसे का शिकार ना हो सके।

स्टॉपडेम में फसा कचरा, सफाई की आवश्यकताः लखुंदर नदी का जल स्तर कम होने के साथ ही नगर परिषद द्वारा स्टॉपडेम के गेट लगा दिए गए है ताकि गर्मी के मौसम में जल संग्रहण रह सके व नगर में जल प्रदाय बाधित नही हो। स्टॉपडेम में लगाये गए गेट के दूसरी ओर कचरा व घास फसी हुई है जोकि नदी में व्याप्त गंदगी को इंगित कर रहा है। मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचने वाले दर्शनार्थियों में से अधिकांश मंदिर के पीछे स्थित स्टॉपडेम का नजारा देखने भी जाते है। ऐसे में नदी में बने इस स्टॉपडेम की इस प्रकार की गंदगी को देखकर यहाँ की स्वच्छता के प्रति वे अच्छे विचार लेकर नही जाते हैं।



### पंडित प्रदीप मिश्रा ने धाम पर रुद्राक्ष निर्मित शिवलिंग का अभिषेक किया

# मेहनत का फल, मुसीबतों का हल और आने वाला कल सब महादेव के हाथ में हैः पंडित प्रदीप मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मेहनत का फल, मुसीबतों का हल और आने वाला कल सब महादेव के हाथ में है। निस्वार्थ भाव से कर्म करना चाहिए और फल के लिए ईश्वर पर भरोसा रखना चाहिए, क्योंकि वे ही सब कुछ नियंत्रित करते हैं। महादेव पर विश्वास रखना हमें हर मुश्किल से बाहर निकालता है। सच्ची मेहनत से ही जीवन में सफलता मिलती है, जिसे भगवान सही समय पर देते हैं। जब सब कुछ शिव के हाथ में है, तो व्यर्थ की चिंता न करें और महादेव के नाम का स्मरण करें। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के अंतर्गत शिव महापुराण के पांचवे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, कथा वाचक राघव मिश्रा, पंडित शिवम मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा आदि ने सुबह धाम पर रुद्राक्ष निर्मित शिव लिंग का विशेष अभिषेक किया।

**श्रद्धालु उन्नति, प्रगति और कुबेर का आर्शीवाद लेने वाले ही कुबेरेश्वरधाम पर आते** :पंडित मिश्रा ने कहाकि सच्चा इंसान वही है जो किसी और के दर्द और तकलीफ को समझे, तस्वीर और तकलीफ में अंतर है। तस्वीर में साथ खड़े होने वाले तकलीफ में साथ नहीं खड़े होते है। दर्द, विपत्ति और तकलीफ में तो भगवान शिव ही आपके साथ खड़ा होगा। शिव का द्वार ही ऐसा ही जहां आपकी तकलीफ का समाधान होगा। इसलिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु उन्नति, प्रगति और कुबेर का आर्शीवाद लेने वाले ही कुबेरेश्वरधाम पर आते है।

**रुद्राक्ष रिसर्च सेंटर बनेगा सेवा और वैज्ञानिक शोध का वैश्विक केंद्र, विश्वास ही साक्षात शिव हैः** पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर की पावन धरा पर जारी शिवमहापुराण कथा के पांचवें दिन रुद्राक्ष रिसर्च सेंटर की भविष्यगामी योजनाओं और आध्यात्मिक चेतना पर विस्तृत चर्चा हुई। महोत्सव में लाखों की संख्या में उमड़े जनसैलाब के बीच धर्म, विज्ञान और सामाजिक संस्कारों का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला।

#### करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है कुबेरेश्वरधाम

समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि 12 ज्योर्तिलिंग के मध्य में बने 75 एकड़ के भव्य कुबेरेश्वधाम में पांच दिन से चल रही शिव महापुराण कथा में भक्ति का समुंद्र लहरा रहा है। कितने ही ऐसे परिवार रोज पहुंच रहे हैं, जिनके शिव की भक्ति करने बाद जीवन में बड़े बदलाव आए हैं। वे चिट्ठी के जरिए अपने दुखों को हरे जाने की कहानी बताते हैं। कैसे एक लोटा जल शिवजी को चढ़ाया और उनकी दुनिया ही बदल गई। ऐसे श्रद्धालुओं को पं. प्रदीप मिश्रा मंच पर बुलाकर उनको बेल पत्र भी देते हैं।

### स्कूल में शिवाजी महाराज की जयंती मनाई



**नलखेड़ा।** सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। गुरुवार को शिवाजी जयंती के अवसर पर विद्यालय के आचार्य नितेश जैन ने शिवाजी महाराज के जीवन परिचय को समझाते हुए उनके द्वारा जीते गए दुर्ग और युद्ध की जानकारी दी। उनके युद्ध कौशल एवं हिन्दू साम्राज्य स्थापित करने के बारे में भैया बहनों को बताया। उन्होंने सभी से शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य एवं बड़ी संख्या में भैया बहन उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. ने माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत सीहोर स्थित उत्कृष्ट विद्यालय तथा एमएलबी स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा संचालन से जुड़ी गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों के लिए बैठने की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों में विद्युत आपूर्ति, पंखों के संचालन एवं शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में अनुकूल एवं शांत वातावरण बनाए रखा जाए, जिससे परीक्षार्थी बिना किसी व्यवधान के परीक्षा दे सकें। कलेक्टर बालागुरु के. ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री न लाएं। उन्होंने अवांछित गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने एवं किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी सहित सभी विकासखंड स्तरीय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करें । इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षाओं का संचालन पूरी तरह से व्यवस्थित, पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप किया जाए, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने सामान्य दिवसों में स्कूलों में लगे स्वर नेत्र परीक्षण चार्ट द्वारा स्कूल के सभी बच्चों के नेत्रों का परीक्षण भी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप

## शिशु मंदिर में कार्यक्रम आयोजित



**चापडा।** सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा में गुरुवार को माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश पटेल तथा विद्यालय प्रधानाचार्य विजय सांवलिया द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संयोजक द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन की संघर्ष गाथा सुनाई गई। साथ ही संघ के द्वितीय सरसंघचालक गुरुजी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आगे बढ़ाने एवं डॉक्टर साहब के सपने को पूरा करने का कार्य और सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना के विषय में भैया बहनों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में स्वाती जाट, विद्या नारोलिया उपस्थित रहे। अतिथियों का आभार विद्यालय के लेखपाल पूजा प्रजापत द्वारा माना गया।उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रमुख शुभम कलेशरिया द्वारा गई।

## वर्दी भत्ता नहीं मिलने पर कोटवार संघ की चेतावनी

**देवास।** जिले के कोटवारों को शासन आदेशानुसार गर्म व ठंडी वर्दी, जूते, बैटरी, बेल्ट एवं टॉर्च आदि सामग्री की राशि नगद खाते में नहीं डाले जाने से नाराज मप्र आजाद कोटवार कर्मचारी संघ ने गुरूवार को हाटपीपल्या तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है। संघ जिलाध्यक्ष अम्बाराम मालवीय ने बताया कि यदि 19 मार्च 2026 तक भुगतान नहीं किया गया तो 20 मार्च 2026 को जिला मुख्यालय स्थित सयाजीद्वार पर जिलेभर के कोटवार एकत्रित होंगे।

### शहर में घटित दो वारदातों के साथ-साथ रतलाम में घटित वारदात को भी देवास पुलिस ने किया ट्रेस

# मंगल सूत्र लूटने की दो वारदातें करने वाला अंतर-राज्यीय गिरोह 40 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद हुआ गिरफ्तार






### 40 पुलिसकर्मियों की चार अलग-अलग टीमों ने 40 दिन तक किए 800 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में महिलाओं के मंगल सूत्र लूटने की दो अलग-अलग सनसनीखेज वारदातें करने वाला अंतर-राज्यीय गिरोह 40 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। शहर में घटित दो वारदातों के साथ-साथ रतलाम में घटित वारदात को भी देवास पुलिस ने ट्रेस किया। पुलिस ने तीनों वारदातों में लूटी गई गोल्ड चैन की शत प्रतिशत बरामदगी भी की। पुलिस ने एक आरोपी को 1300 किमी दूर उड़ीसा के गंजम जिले से, वहीं अन्य दो आरोपियों को 500 किमी दूर गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ और छानबीन में देश के अलग अलग जिलों में गैंग द्वारा 50 से अधिक लूट के तथ्य सामने आए।

### जनसहयोग से लगे सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क ने अहम भूमिका निभाई

देवास पुलिस की 40 पुलिसकर्मियों की चार अलग-अलग टीमों ने 40 दिन तक 800 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक कर सफलता अर्जित की। देवास,रतलाम मे लूट की वारदात को अंजाम देने के दौरान इंदौर एवं उज्जैन मे भी गैंग ने लूट का प्रयास किया था। 08 जनवरी को फरियादिया रुकमणी शर्मा निवासी राधागंज द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपने पोते को किंडर स्कूल राधागंज, देवास से घर लेकर लौट रही थी तभी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। उक्त घटनाक्रम को त्वरित संज्ञान में लेकर देवास पुलिस आरोपियों की तलाश में संलग्न हुई,इसी दौरान 19 जनवरी को एक अन्य फरियादिया उषा नवरंगे मंदिर जाते समय चेन स्नैचिंग की शिकार हुई । दोनों घटनाओं पर थाना बैंक नोट प्रेस में क्रमशः अपराध क्रमांक 14/2026 एवं 35/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई । घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा चेन स्नैचिंग के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक(एल/आर) संजय शर्मा के निर्देशन में तत्कालीन थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस अमित सोलंकी एवं थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस प्रीति कटारे के नेतृत्व में कुल 04 विशेष टीमों का गठन किया गया । विशेष टीमों के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आस-पास के CCTV फुटेज चेक किये गये । ₹ऑपरेशन त्रिनेत्रम₹ में जनसहयोग से लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज का विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान की गई। लगभग 800 से अधिक कैमरों की फुटेज खंगाली गई,तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों का अंतर्राज्यीय स्तर पर पीछा करते हुए उड़ीसा एवं सूरत में दबिश देकर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त चेन स्नैचिंग की घटनाएं करना स्वीकार किंया । आरोपियों द्वारा जिला रतलाम में भी 18 जनवरी को चेन स्नैचिंग की घटना कारित की गई थी जिस पर थाना स्टेशन रोड रतलाम पर अपराध क्रमांक 38/19.01.2026 का पंजीबद्ध है। आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### जप्त सामग्री

02 सोने की चेन कीमत लगभग 4.50 लाख,सोने का पेंडेंट कीमत लगभग 60,000/-,02 मोटरसाईकल कीमत 90,000/-,मोबाईल फोन कीमत 45,000/- कुल मश्रुका कीमत 6,45,000/- का जप्त ।

### गिरफ्तार आरोपी

कान्हु चरण बधई पिता घनश्याम बधई उम्र 30 साल निवासी ग्राम झिटीकाबाड़ी पोस्ट खंडरु जिला गंजम उड़ीसा हाल मुकाम शांति मोहल्ला जिला सूरत(गुजरात) धवल कुमार पारेख पिता दिनेश भाई पारेख उम्र 42 साल निवासी म.न 302 रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सयान सूरत(गुजरात) । रेखाबाई पति धवल कुमार पारेख उम्र 40 साल निवासी कृष्णा कॉम्पलेक्स फ्लेट क्रमांक बी 401 सूरत (गुजरात) शामिल है। आरोपी धवल कुमार पारेख पर 24 अपराध और कान्हु चरण बधई पर 7 अपराध दर्ज है।

### इनका रहा सराहनीय कार्य

उक्त सराहनीय कार्य मे थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस प्रीति कटारे,थाना प्रभारी नाहर दरवाजा अमित सोलंकी,उनि गोपाल चौधरी,राहुल परमार, गौरीशंकर यादव,कृष्णा सूर्यवंशी,सउनि ईश्वर सिंह मण्डलोई,कमल सिंह ठाकुर,प्रआर अशोक जोसवाल,कुलदीप सिकरवार,धर्मेन्द्र चित्तोड़िया,हिमांशु कुशवाह,आर दीपेन्द्र शर्मा,संदीप यादव,दीपक वर्मा,महिला आरक्षक मोनिका चौहान, सपना राजपूत,ज्योति कुमावत, लाड़कुंवर राजपूत, शिवानी कुशवाह थाना बैंक नोट प्रेस एवं इंचार्ज थाना प्रभारी पलसोरा कौशिक मांझी,सउनि रमन कुमार सबारा,प्रआर प्रताप प्रधान,आर मरकंडा बेहरा थाना पलसोरा जिला गंजम (उड़ीसा),थाना ओलपद सूरत(गुजरात) से आर श्रवण भाई,अमृत जी,जय सिंह,गुलाब सिंह,भरत भाई, ओदा भाई एवं सायबर सेल देवास से प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर,सचिन चौहान एवं मआर नैना खान की सराहनीय भूमिका रही।

## महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**देवास।** महिला ने बुधवार रात को अपने घर पर अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह मृतिका का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले को लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है। जानकारी अनुसार शीतल पति सुनील रावत उम्र 25 वर्ष निवासी बैरागढ़ बुधवार शाम को घर पर उसके बेटे के साथ अकेली थी। उसने घर पर फांसी लगा ली। पति जब खेत से घर लौटा तो उसने दरवाजा खटखटाया, दरवाजा नहीं खुलने पर उसने खिडक़ी से देखा तो उसकी पत्नी फंदे पर झुल रही थी। उसने दरवाजा तोड़ा और समीप अमलतास अस्पताल लेकर गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहां से जिला चिकित्सालय भेजा गया। गुरुवार सुबह मृतिका को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक

**देवास।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र ने जिला अभिभाषक संघ देवास में अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित की।बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मिश्र ने अधिववक्तागणों को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के साथ-साथ अधिवक्तागण का भी विशेष सहयोग एवं भूमिका रहती है कि वह पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु प्रेरित कर सकते है। साथ ही नेशनल लोक अदालत में अधिकाशतः मामले जैसेः- मोटर दुर्घटना दावा, राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 चैंक बाउंस, एवं वैवाहिक मामलों में विशेष रूप से राजीनामा की संभावना अधिक रहती है। बैठक में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी नेशनल लोक अदालत, एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण कराने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों एवं बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार विशेष छूट दी जाएगी।



# संकल्प से समाधान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ, 515 मरीजों का पंजीयन कर जांची सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में शासन आदेश अनुसार संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 515 मरीजों का पंजीयन किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति दुबे द्वारा 32 हाई रिस्क गर्भवती महिला का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। डॉ. मंगलेश पाटिल नेत्ररोग विशेषज्ञ द्वारा 102 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय बैरागी द्वारा 150 संभावित कैंसर रोगियों की जांच की गई। टीम द्वारा 70 मरीजों की सोनोग्राफी , 33 रोगियों की ईसीजी की गई एवं 9 बच्चों की इको मशीन से जांच की गई। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 82 महिलाओं को परामर्श देकर अस्थाई साधन के लिए प्रेरित किया गया एवं 22 रोगियों के रक्त की जांच की गई एवं 35 खॅखार के रोगियों की जांच की गई। आरबीएसके टीम द्वारा 9 बच्चो का मुख्यमंत्री बाल हृदय रोगियों की स्क्रीनिंग की गई एवं अन्य रोगियों की जांच कर उपचार किया गया। साथ ही 59 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी एवं डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। शिविर में संस्था के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हेमंत पटेल ,डॉ. अखिलेश मिश्रा, डॉ. दिनेश सोलंकी एवं डॉ. अमित पुरोहित, आर एस चौहान, रतनसिंह जामले, यतींद्र बैरागी, नंदकिशोर मोहवाल, अनिल धाकरे, योगिता योगी, राजेश गुर्जर एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसलों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा/भौरासा



इन दोनों किसान काफी चिंतित नजर आ रहा है। फसलों का सही भाव ना मिलने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, तो वही प्रकृति भी किसानों की कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पूर्व में हुई ओलावृष्टि व बारिश से बड़ी तादाद में किसानों की फैसले नष्ट हुई थी। बुधवार देर रात अचानक से मौसम बदला और फिर से क्षेत्र में तेज बारिश हुई। किसान सतीश प्रजापत ने बताया कि वर्तमान में किसान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। मंडियों में फसलों का सही भाव नहीं मिल रहा है। ऐसे में प्रकृति की बिन मौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। वर्तमान में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार हो चुकी है। बिन मौसम बारिश से गेहूं लहसुन सहित अन्य फसलों में भी नुकसान हो सकता है। बारिश के कारण गेहूं कटाई में भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बारिश से रबि सीजन में गेहूं की फसलों में भारी नुकसान हुआ है जिससे किसानों की रीड की हड्डी ही टूट गई है, क्योंकि खरीफ फसल में भी भारी नुकसान हुआ था उस पीड़ा से किसान उभर नहीं पाया था की कुदरत का कहर उसकी दूसरी फसल पर भी ढह गया। भारतीय किसान संघ तहसील मंत्री सतीश प्रजापत ने बताया कि किसानों के खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह से आडी हो गई है।

### भौरासा में गेंहू की फसल ख़राब

क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। तेज हवा, आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। गेहूं की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। सोनकच्छ क्षेत्र में देर रात आई तेज आंधी और बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गुरुवार सुबह करीब 8:00 बजे जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे, तो खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से बिछी हुई नजर आई। तेज हवाओं के कारण फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि फसल कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन अचानक बदले मौसम ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

### जनगणना कार्य में नगरीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण में चार्ज जनगणना अधिकारियों ने सीखी कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जनगणना कार्य में नगरीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों को कलेक्टर कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार एवं अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन की उपस्थिति में दिया गया। इस दौरान अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण दो दिवसीय दो रहेगा। जनगणना निदेशालय मध्य प्रदेश के उपसंचालक राजेश मौर्य एवं सोनिका गर्ग द्वारा जनगणना कार्य के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत की जनगणना के संबंध में संक्षिप्त परिचय एवं नीति निर्माण सहित जनगणना के मुख्य बिंदुओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा चार्ज जनगणना अधिकारियों को प्रक्रिया में आंकड़ों की सटीकता के महत्व आदि की जानकारी से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षित किया गया।उन्होंने प्रशिक्षण में जनगणना के दौरान डेटा संग्रह और उसके जांच की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में आंकड़ा संग्रहण करने, घर-घर जाकर स्वयं के मोबाइल फोन में एप के माध्यम से जानकारी एकत्रित करना तथा स्वगणना (एसई) पोर्टल के माध्यम से जानकारी का एकत्रीकरण किए जाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारियों को मोबाइल एप के उपयोग, मकान सूचीकरण, एचएलबी का लेआउट तैयार करना, एचएलओ एप के माध्यम से डाटा एकत्रित करना सहित पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने जैसे घटकों की जानकारी दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण में बताया कि जनगणना कार्य का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें प्रथम चरण के रूप में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस किया जाएगा। यह कार्य पूर्णतः एचएलओ एप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया, एप का उपयोग एवं संबंधित दिशा-निर्देश विस्तार से समझाए गए। इस दौरान बताया गया कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर दस्तक देकर शासन द्वारा अधिसूचित प्रश्नावली के अनुसार जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें आवास की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं, धारित परिसंपत्ति तथा अन्य संबंधित जानकारी शामिल है। यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं डिजिटल रूप से संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी/प्रशिक्षक पूर्ण निष्ठा एवं सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# शांति सुरक्षा हेतु पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

एसपी पुनीत गेहलोद व सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे के निर्देशानुसार आगामी होली, रंग पंचमी, रमजान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु भौरासा पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। उक्त फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करना तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का भय उत्पन्न करना था, फ्लैग मार्च में नवागत भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। फ्लैग मार्च एमजी रोड से पूरे नगर में होते हुए थाना परिसर पर समाप्त हुआ।

### ओवरलोड वाहनों से खराब हो रही सड़कें, जिम्मेदार मौन

# आरटीओ कार्यालय में सक्रिय दलाल लोकेशन देकर करा रहे वाहनों को पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद की सडकों पर एआरटीओ विभाग वाहनों की ओवरलोडिंग रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। हर रोज झांसी, मध्यप्रदेश व आसपास के दर्जनों ट्रक और डम्फर ओवरलोड होकर बेखौफ परिवहन कर रहे। इसमें सबसे ज्यादा संख्या खनन के वाहनों की हो, जिससे वाहन स्वामी के साथ-साथ सरकारी कर्मी भी खासा मुनाफा अपनी जेब में डाल रहे हैं। इसलिए ओवरलोडिंग पर सख्ती नहीं बरती जा रही है। दलालों के जरिए इन वाहनों का महीना बंधा हुआ है, जिसको चालू भाषा में एंट्री बोला जाता है। ओवर लोडिंग और एंट्री का खेल वर्षों से चला आ रहा है। जब भी परिवहन विभाग का नया अधिकारी जनपद में आता है तो शुरूआत में ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाती है।

इसके बाद अगले माह की पहली तारीख करीब आने से पहले सभी दलाल अधिकारी से मुलाकात करके आगे की रूपरेखा तय कर लेते हैं। कई बार एंट्री फीस पहले से कुछ फीसदी बड़ा दी जाती है और इसके बाद फिर से ओवर लोडिंग चालू हो जाती है। विभागीय जिम्मेदार अधिकारी कितना भी दावा करें कि ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन जनपद के भीतर हाईवे पर ग्रामीण इलाकों की सडक़ों पर शहर की रास्तों पर दौड़ते ओवरलोड वाहन इन दावों को झूठा साबित करते हैं। परिवहन विभाग की मिलीभगत से सरकार को राजस्व की क्षति पहुंच रही है और सडक़ो की भी दुर्दशा हो रही है। जब कभी उच्च अधिकारी इस ओर संज्ञान लेते हैं, तो एंट्री देने वालों को दलालों के जरिए पहले ही सूचना दे दी जाती है और अन्य वाहनों का चालान करके खुद को ईमानदार पेश करने का खेल भी रचा जाता है।


फाइल फोटो

#### खुद को ईमानदार दिखाकर बनाया जाता एंट्री का दबाव

वैसे तो आए दिन परिवहन विभाग ओवर लोडिंग रोकने के लिए चालान करते हैं, लेकिन यह ईमानदारी भी एंट्री का दबाव बनाने के दिखाई जाती है। बाहरी वाहनों का ओवर लोडिंग में चालान कर दिया जाता है, लेकिन इस दौरान जो वाहन जनपद के होते हैं, उनको एंट्री बांधने के लिए दबाव बनाया जाता है। हाल में एआरटीओ विभाग के टारगेट पर बिल्डिंग मटेरियल की टाल वाले हैं। हर रोज शहर में चेकिंग करके ट्रैक्टरों को पकड़ा जा रहा है। कृषि में रजिस्ट्रेशन होने पर व्यवसायिक उपयोग करने पर चालान किया जा रहा है। चालान भी इतना भारी होता है, कि व्यापारी की मजबूरी हो जाती है एंट्री जमा करने की।

#### ईमानदारी से खेला जाता है बेईमानी का खेल

कहावत है कि बेईमानी के काम में ईमानदारी बेहद जरूरी होती है। जनपद में एंट्री के नाम पर चल रहे इस बेईमानी के खेल में ईमानदारी भी पूरी तरह बरती जाती है। परिवहन विभाग के अधिकारी जब चौकिंग करने क्षेत्र में निकलते हैं तो दलाल अपने-अपने ग्राहक यानि एंट्री देने वाले वाहन स्वामियों को इस बात की जानकारी दे देते हैं कि अधिकारी किस ओर चेकिंग करने निकले हैं। इसी लोकेशन के हिसाब से ओवरलोग वाहन सही समय का इंतजार करके सडकों पर दौडने लगते हैं। वहीं एंट्री देने वाले वाहनों की सूची भी जिम्मेदारों के पास होती है, यदि कभी चेकिंग के दौरान ऐसा वाहन फस जाता है जिसकी एंट्री आती है, तो उसका मामूली चालान करने निपटा दिया जाता है।

*इनका कहना है...*

*मामला संज्ञान में आया है, मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*
*विपिन चौधरी, सहायक परिवाहन अधिकारी ललितपुर*

### स्व राजेन्द्र जायसवाल (लल्लू भैया) की स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

## पहला मैच तुवन सुपर किंग ने तो दूसरा मैच बानपुर चैंपियन ने लाजवाब प्रदर्शन कर जीता





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला क्रिकेट एसोसिऐशन द्वारा आयोजित स्व राजेन्द्र जायसवाल (लल्लू भैया) की स्मृति में आयोजित तीसरे दिन के मुख्य अतिथि संतोष कुशवाहा सहित टूर्नामेन्ट अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, हरीबाबू शर्मा, संजीव जायसवाल (कालू), हेमन्त जैन रोडा, बृजमोहन संज्ञा, अविरल जैन बिट्टू आदि शामिल हुये। पहला मैच तुवन सुपर किंग व वीर बुन्देली के मध्य खेला गया जिसमें पहले टॉस जीत कर वीर बुन्देली ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और तुवन सुपर किंग ने निर्धारित 20 ओवरों में 190 रन बनाये जिसमें तुवन सुपर किंग के खिलाड़ी हर्षवर्धन ठाकुर ने नॉटआउट 72 रन, निक्की यादव ने 39 रन का अहम योगदान दिया, वीर बुन्देली की तरफ से अच्छी गेंदबाजी करते हुये पुष्पेन्द्र राजा बरदेही ने 3 विकेट हासिल किये, इसके बाद जबाब में उतरी वीर बुन्देली की टीम निर्धारित 20 ओवर में 162 रन ही बना पाई जिसमें सर्वाधिक 34 रन मंगल कबूतरा ने, पिंकू ने 31 रन बनाये। तुवन सुपर किंग की तरफ से अच्छी गेंदबाजी करते हुये निक्की यादव 03 विकेट हॉसिल किये। इस मैच का मैन ऑफ दा मैच निक्की यादव को दिया गया।

#### आज के मैच

शुक्रवार को पहला मैच सुबह 9.00 बजे से वीर बुन्देली व बानपुर चैम्पियन के मध्य खेला जाएगा एवं दूसरा मैच सन स्ट्राईकर व चौबयाना स्ट्राईकर के मध्य दोपहर 1.00 बजे से खेला जाएगा।

#### दूसरे मैच में बानपुर चैंपियन का शानदार प्रदर्शन

*दूसरा मैच बानपुर चैंपियन व सन स्ट्राईकर के मध्य खेला गया जिसमें बानपुर चैंपियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में बानपुर ने 178 रन बनायें जिसमें सर्वाधिक 74 रन हसीन खान व सौरभ राजा ने 37 रन का योगदान दिया। सन स्ट्राईकर की तरफ से अच्छी गेंदबाजी कपिल चौहान ने की और 04 विकेट व पीके राजपूत ने 02 विकेट हासिल किये। जबाब में उतरी सन स्ट्राईकर की टीम ने 20 ओवर में कुल 131 रन ही बना पायी और बानपुर चैम्पियन ने यह मैच 47 रन से जीत लिया। सन स्ट्राईकर ओर से सर्वाधिक 45 रन जोगेन्द्र यादव व पी0के0 राजपूत ने 30 रनों का योगदान दिया। बानपुर की तरह से अच्छी गेंदबाजी संदीप कबूतरा ने की और 3 विकेट, शिवम् कुशवाहा ने 03 विकेट हॉसिल किये इस मैच के मैन ऑफ दा मैच हसीन खान को दिया गया। मैच के दौरान जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष शत्रुधन यादव, बृजबिहारी मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव गब्बन, धर्मेन्द्र कुमार, प्रदीप खटीक, बॉबी राजा, पुष्पेन्द्र राजा बरदेही, दुर्जन कुशवाहा, अशोक श्रीवास्ताव टोनी, विनोद राजपूत, अनिल सिंघानिया, शिवम यादव, आयुष नामदेव, शिव कुमार तिवारी, प्रियंक कुमार आदि उपस्थित रहें।*

### विद्यालय परिसर में स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया गया

## रासेयो इकाई तृतीय के शिविर में मतदाता जागरूकता विषय पर संगोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तृतीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन कम्पोजिट आदर्श विद्यालय नगर क्षेत्र के प्रांगण में आयोजित तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने सर्वप्रथम स्वयं सेवकों के साथ ईश्वर की प्रार्थना की और सभी स्वयं सेवकों को पूरे दिन के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सम्पन्न हुई संगोष्ठी में मतदाता जागरूकता पर मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रो.डा. लक्ष्मीकांत मिश्रा तथा विशिष्ट वक्ता सहायक आचार्य डा. दीपक पाठक एवं वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य संदीप श्रीवास्तव ने अतिथियों ने व्याखान दिये। डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि भारत ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अपनाया और यहां के लोगों ने अपने मतों का प्रयोग कर के समय-समय पर मजबूत सरकार बनाई जिससे आज यह देश एक मजबूत राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने उभर कर आया है। विशिष्ट वक्ता सहायक आचार्य संस्कृत डा.दीपक पाठक ने कहा की आज का युवा ही आज का मतदाता है। यदि आज का युवा जागरुक हो जाए और अपने मत के अधिकारों का प्रयोग कर के वह एक मजबूत सरकार बना सकता है जो युवाओं के भविष्य से जुड़ा मजबूत निर्णय लेने में सक्षम सरकार साबित होगी। सहायक आचार्य वाणिज्य विभाग संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि यदि मतदाता जागरूक नहीं होगा तो समाज भी जागरूक नहीं होगा जिसका प्रतिफल यह होगा कि मतदाता जागरूक नहीं होगा तो लोकतंत्र खतरे में पड़ सकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार, सहायक आचार्य डा.रोहित वर्मा तथा कर्मचारी मिलन सेन सहित स्वयंसेवकों में अभिषेक, नितिन, अमित, सूरज, संजीव, देवेन्द्र, सलोनी, हेमा, महक आदि उपस्थित रहे। संचालन स्वयं सेवक कुलदीप द्विवेदी एवं स्वयंसेवक अतुल कुमार ने आभार व्यक्त किया।

### श्रीमद् भागवत कथा, भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

## जब जब पृथ्वी पर पाप बढ़ता है तब प्रभु लेते हैं अवतार : राधा मोहनदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री हनुमान धारा मंदिर में गोलोकवासी महंत गोपीदास महाराज की पुण्यतिथि स्मृति में आयोजित कथा में कथा व्यास महंत श्रीराधामोहनदासजी महाराज ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब भी धरती पर आसुरी शक्तियां हावी हुई हैं, तब-तब परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की है।



इसी संदेश के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन कथा पांडाल में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम और भक्ति भाव से मनाया गया। कथा के दौरान व्यास महंत महामंडलेश्वर राधामोहनदास महाराज ने भगवान वामन अवतार का प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान वामन ने दानवीर राजा बलि के अहंकार का हरण कर धर्म की स्थापना की। साथ ही उन्होंने भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की पावन कथा का रसपूर्ण वर्णन किया। महाराज श्री ने श्रीकृष्ण जन्म के उपरांत नंद बाबा के घर आयोजित नंदोत्सव का मनोहारी चित्र प्रस्तुत किया। जैसे ही मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्म की घोषणा हुई, पूरा पांडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने झांकी दर्शन कर पुष्प वर्षा की और भक्ति गीतों पर झूमते हुए जन्मोत्सव का आनंद लिया। सुबह आचार्य पं. कमलेश शास्त्री एवं रामानुज मिश्रा ने विधि-विधान से आवाहित देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। मुख्य यजमान पं. श्यामाकांत चौबे एवं वंदना चौबे ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रीमहंत बलरामपुरीजी महाराज सहित अजय तिवारी नीलू, मयंक बैध, माधव चौबे, राजीव बबेले सप्पू, टिंकल हुंडैत, हरिशंकर साहू, विवेक सडैया, प्रशांत शुक्ला, प्रियंक बैध, शिवम तिवारी, राजेश हवाई, संग्राम ग्वाला, भरत रावत, निखिल तिवारी, अजय नायक, दिनेश पाठक, अंकुश उपाध्याय, मनीष जैन, उमाशंकर साहू, ऋषि असाटी, दीपक राठौर, रितु शर्मा, हर्ष चौबे, हरिकृष्ण शुक्ला, प्रदीप चतुर्वेदी, मुकेश चतुर्वेदी, शिवके चतुर्वेदी, श्रीराम, दिलीप पस्तौर, भगवत शरण पांडेय, आदित्य पोस्टर, अभिषेक आचार्य, सुरमनी आचार्य, अक्षय उपाध्याय, रोहित दुबे, प्रकाश नारायण दीक्षित, संदीप कटारे, गजेंद्र सिंह राजपूत, अर्पित मिश्रा, संदीप मिश्रा, रामबाबू विश्वकर्मा, बृजेश गुप्ता, रागिनी बैध, संध्या बैध, अर्चना तिवारी, मीरा देवी पाठक, कैलाश, गोविंदा एवं शंकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम के दौरान भंडारा प्रसाद का वितरण प्रतिदिन की भांति संपन्न हुआ।

### कुरीतियों के खिलाफ उठाई सशक्त आवाज

## शोकाकुल परिवार ने मृत्युभोज का बहिष्कार कर शोकसभा का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले की ग्राम पंचायत छिल्ला में सामाजिक जागरूकता का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। स्व.रघुवीर सिंह लोधी के निधन पर जहां आमतौर पर परम्परागत मृत्युभोज का आयोजन किया जाता है, वहीं शोकाकुल परिवार ने इस परंपरा का बहिष्कार करते हुए सादगीपूर्ण शोक सभा का आयोजन किया और समाज से कुरीतियों को समाप्त करने की अपील की।

स्व.रघुवीर सिंह लोधी, रक्षपाल सिंह लोधी, राकेश लोधी एवं हरनाम सिंह लोधी के पिता थे। उनके निधन से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। शोक सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के दौरान परिवारजनों ने स्पष्ट रूप से कहा कि मृत्युभोज जैसी परम्पराएं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ डालती हैं। कई बार सामाजिक दबाव के कारण लोग कर्ज लेकर भी मृत्युभोज करते हैं, जिससे परिवार लंबे समय तक आर्थिक संकट में फंसा रहता है। इसलिए उन्होंने यह निर्णय लिया कि वे मृत्युभोज नहीं करेंगे और समाज को भी इस कुरीति के विरुद्ध जागरूक करेंगे। इस दौरान हरनारायण पटेल, रतिराम पटेल, सोबरन सिंह तथा आचार्य सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि समय के साथ समाज को भी बदलना चाहिए और ऐसी परंपराओं को त्याग देना चाहिए जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से हानिकारक हों। उन्होंने सभी समाजजनों से अपील की कि मृत्युभोज जैसी रूढ़िवादी प्रथाओं को बंद कर सादगीपूर्ण संस्कारों को अपनाया जाए।

## बजाज होम लोन मामलाः सीसीटीवी कैमरे की फुटेज न देने पर वीसी तलब किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बजाज होम लोन के मामले में करोड़ो की ठगी करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है, हाइकोर्ट द्वारा शहर कोतवाल व जांच अधिकारी से गिरफ्तारी के सम्बंध में शहर कोतवाली का वीडियो मांगने के बाद भी समय रहते मुहैया न करने से नाराज होकर हाईकोर्ट ने एसपी को जरिए वीसी के माध्यम से तलब किया है।

बीते वर्ष बजाज होम लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी मामला चर्चा में रहा था। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूरे प्रकरण को लेकर शानू राशिद की गिरफ्तारी के समय का शहर कोतवाली में लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज जनपद सीजीएम द्वारा मांगा गया था। कोतवाली द्वारा शहर कोतवाली का सीसीटीवी फुटेज मुहैया नही कराया गया था। आरोपी की जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के द्वारा चार फरवरी को जांच अधिकारी व शहर कोतवाल को फुटेज उपलब्ध न कराये जाने को लेकर तलब किया गया था। फुटेज उपलब्ध न कराये जाने के सम्बंध में जांच अधिकारी व शहर कोतवाल को व्यक्तिगत उपस्थित होकर शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने के लिए हाईकोर्ट से समय मांगा था। हाईकोर्ट ने परमवीर सिंह सैनी वनाम वलजीत सिंह के प्रकरण में सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराये जाने के सम्बंध में शासकीय अधिवक्ता व पुलिस अधीक्षक को वीसी उपलब्ध रहने का आदेश जारी किया है।

### डीएम से न्याय की गुहार लगाई

## महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया, सुरक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद के थाना जाखलौन क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार ग्राम मैरतीकलां निवासी रामसखी पत्नी भूरैलाल कुशवाहा ने बताया कि 18 फरवरी 2026 की सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ी थीं, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद वह काफी भयभीत हैं और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं होने के कारण उन्हें जिलाधिकारी कार्यालय तक गुहार लगानी पड़ी।महिला ने जिलाधिकारी से मांग की है कि थाना जाखलौन में तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराई जाए, आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो तथा उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

### इमामी कब्रिस्तान चौकीदार प्रकरण में जांच कमेटी गठित

## पार्षद पर पैसा मांगने, नहीं देने पर कार्य से हटाने की धमकी देने के आरोप लगाए थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद द्वारा इमामी कब्रिस्तान के चौकीदार से जुड़े मामले में जांच के आदेश जारी किए गए हैं। अधिशासी अधिकारी के आदेश के अनुसार, चौकीदार यूनिस खां द्वारा 9 फरवरी 2026 को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया था कि इमामी कब्रिस्तान नदीपार में वह पिछले चार वर्षों से कार्यरत हैं और उनके कार्य से मुस्लिम समाज कमेटी तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी संतुष्ट हैं।

प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि वार्ड संख्या-10के पार्षद अफजुल रहमान द्वारा उन्हें समय-समय पर हटाने की धमकी दी जाती है तथाकथित रूप से 5 हजार रुपये और पार्षद की लड़की की शादी के समय 10 हजार रुपये लिए जाने की बात कही गई है। चौकीदार ने आरोप लगाया कि पैसे न देने पर उन्हें कार्य से हटाने की धमकी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका परिषद ईओ ने प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति में अवर अभियंता खुशबू खान, राजस्व निरीक्षक आशुतोष तथा राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा को शामिल किया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वह तीन दिनों के भीतर जांच पूर्ण कर आख्या प्रस्तुत करे।

### सदस्यता शुल्क समय पर जमा हो

## एसोसिएशन के प्रस्तावित चुनाव को लेकर सदस्यता शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया शुरू

**ललितपुर।** जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के प्रस्तावित चुनाव को लेकर एल्डर्स कमेटी ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कमेटी ने अध्यक्ष, महामंत्री से आग्रह किया है कि आगामी वर्ष 2026 के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अधिवक्ताओं से सदस्यता शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराई जाए। 18 फरवरी को जारी पत्र में एल्डर्स कमेटी ने कहा है कि चुनाव की पूर्व तैयारियों के तहत सदस्यता शुल्क जमा कराया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही चुनाव संबंधी विज्ञप्ति जारी कर अधिवक्ताओं को समय से अवगत कराने की भी अपेक्षा जताई गई है। कमेटी का कहना है कि सदस्यता शुल्क समय पर जमा होने से मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व सुचारु रूप से संपन्न कराने में सुविधा होगी। पत्र पर एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जीवनधर लाल जैन एड., सदस्य लालसिंह ठाकुर एड., अशोक कुमार रिछारिया एड., जयकुमार चौधरी एड., प्रकाशचंद्र जैन एड.के हस्ताक्षर दर्ज हैं।बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में पहले से ही हलचल देखी जा रही है। अब कमेटी की इस पहल के बाद चुनावी प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। कमेटी ने यह भी बताया कि बार कॉन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव आयोजन को लेकर 18 फरवरी तक जिला बार एसोशियेशन चुनाव पर रोक थी। चूंकि उक्त अवधि पूर्ण हो चुकी है इसलिए अब जिला बार एसोशियेशन 2026 के चुनाव कराये जाने की प्रक्रिया को सुचारू किया जा रहा है।

### बिरधा में मंदिर के जीर्णोद्धार पर आयोजन हुए

## आचार्यश्री के समाधि दिवस पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कस्बा बिरधा में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की समाधि दिवस एवं नवीन दि.जैन पारसनाथ जैन मंदिर जीर्णोद्धार की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सकल दि. जैन समाज बिरधा के आस्थावान श्रद्धालु नर-नारी उत्साही युवाओं द्वारा जैन मंदिर में सुबह से संगीतमय पूजन, नित्य क्रियायें, अभिषेक शांतिधारा व आचार्य छत्तीसी विधान व हवन क्रियाएं पं.जय कुमार के निर्देशन में संपन्न की गई।

जैन मंदिर से उत्साही श्रद्धालुओं ने बड़े धूमधाम से कस्बा में श्रीजी भगवान के विमान भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जैन- जैनेतर अनुयाइयों ने जगह जगह अपने द्वारों पर मनमोहक रंगोली सजाकर विमान शोभायात्रा की अगवानी करते हुए दीपों से तीर्थंकर भगवान की महाआरती उतारीऔर पुण्यार्जन किया।


शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु नर नारियों द्वारा श्रीजी के चरणों में चंवर ढूंलाते,नृत्य करके जयकारा लगाते हुए

धर्म का उद्घोष करते हुए जगत की सुख शांति समृद्धि की ईश्वर से मंगल कामना की गई। वही आस्था में सराबोर नारियों द्वारा मंगलगान करते हुए पुण्य अर्जित किया गया। संगीतकार ग्रुप द्वारा भजनों से वातावरण में भक्ति स्वरलहरी की भक्ति गंगा बह रही थी। विमान पूजन विधान- शोभा यात्रा कार्यक्रम एवं आचार्यश्री विद्यासागर दि. जैन धर्मशाला में प्रसाद वितरण व्यवस्था की। इस दौरान प्रेमचंद, पंकज, संजय जैन, नरेंद्र जैन, सनत जैन, अशोक जैन, कैलाशचंद मोदी, संजीव कुमार, राजीव जैन, कमलेश जैन, इंगलेश जैन, पीयूष चौधरी, सुबोध जैन, दिलीप मोदी, राजेश चौधरी, अंतिम जैन, संदेश जैन, सौरभ जैन, शैलेश जैन, गौरव जैन, प्रतीक जैन, वैराग्य जैन, शुभम जैन, साहिल, गोलू जैन, समय जैन, संस्कार, संयम, यश, कृष, रियांश, उत्कर्ष, सुशांतस जैन आदि मौजूद रहे।

### एक ही मरीज के निकाले 17 सिस्ट, आर्थिक बोझ से भी बचाया

# क्रिटीकल मरीजों के लिए संजीवनी बने सर्जरी एक्सपर्ट : डॉ. देशवाली

### जटिल बीमारियों का कम खर्च में सफल ऑपरेशन, मरीजों को मिल रही बड़ी राहत





**मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहे**

- बड़े शहरों में रेफर होने की जरूरत कम
- कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण सर्जरी
- गंभीर मामलों में भी मिल रही सफलता
- क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह विशेषज्ञ सेवाएं मिलती रहीं तो जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ़

लंबे समय से सर्जरी विशेषज्ञ की कमी से जूझ रहे जिले के क्रिटिकल मरीजों को अब बड़ी राहत मिली है। जिला अस्पताल में सर्जरी विशेषज्ञ डॉ अंकुर देशवाली के आने से जटिल बीमारियों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो रहा है। खास बात यह है कि महंगे निजी अस्पतालों के मुकाबले यहां कम खर्च में ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है।

जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा,सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के अथक प्रयासों से जिला अस्पताल को संजीवनी के रूप में डॉ अंकुर देशवाली जैसा सर्जरी एक्सपर्ट मिल गया।

#### 17 सिस्ट (गांठें) निकाल कर दिया नया जीवन, खर्चा जीरो

हाल ही में सारंगपुर सिविल अस्पताल में हुए एक जटिल सर्जरी ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींचा। डॉक्टर अंकुर देशवाली ने एक मरीज के शरीर से एक साथ 17 सिस्ट (गांठें) सफलतापूर्वक निकालकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। यह ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विशेषज्ञता और सावधानी से इसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। सबसे राहत की बात यह रही कि इतने जटिल ऑपरेशन के बावजूद मरीज पर भारी आर्थिक बोझ नहीं पड़ा।

स्थानीय स्तर पर ही उपचार मिलने से बड़े शहरों में रेफर होने और महंगे इलाज की परेशानी से भी बचाव हुआ। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद क्षेत्र को ऐसा सर्जन मिला है, जो गंभीर और जटिल मामलों को भी आत्मविश्वास के साथ संभाल रहे हैं। इससे न केवल मरीजों का सेवाओं को भी मजबूती मिली है।

#### एमसीएच डिग्री ने डां अंकुर को बनाया सर्जरी में सुपर एक्सपर्ट

डॉ अंकुर देशवाली का काम के प्रति समर्पण ऐसा रहा की इंदौर के एमवाय अस्पताल में काम के प्रति समर्पण एवं मरीजों को आर्थिक शोषण से बचाने के साथ साथ सर्जरी विशेषज्ञ एमसीएच डिग्री भी एसवाय से प्राप्त की । एससीएच सर्जिकल में सुपर स्पेशलिटी डिग्री होती है जिसका लाभ सर्जरी में मरीजों को मिल रहा है।

---

### इंदौर से गुना शादी समारोह में जा रहे थे शामिल होने

# कार डिवाइडर से टकराकर पुल के नीचे गिरी, पति और पत्नी की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 फोरलेन बाईपास पर धनोरा पुलिया के पास बुधवार शाम को एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पुल से नीचे जा गिरी जिससे कार सवार पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर निवासी दंपत्ति अपनी कार से बुधवार को इंदौर से गुना जा रहे थे तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 फोर लेन बाईपास धनोरा पुलिया के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पुलिया से नीचे जा गिरी जिससे कर सवार पति श्रीनिवास पिता काशीराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी एरोड्रम रोड इंदौर पत्नी सुनीता पति श्रीनिवास साहू उम्र 40 वर्ष निवासी आरोड़ो रोड इंदौर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पास में खेत पर काम कर रहे किसान अपनी कार में डालकर सिविल अस्पताल सारंगपुर लाए । जहां डॉक्टर ने पति श्रीनिवास साहू का परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया तथा पत्नी सुनीता साहू का डॉक्टर उपचार कर रहे थे उसी दौरान मौत हो गई दोनों पति-पत्नी के शव को पीएम रूम में रखा गया गुरुवार को पीएम होगा मृतक दंपति के परिजनों को पुलिस द्वारा सूचना की गई साथ ही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।

## फाइनल असेसमेंट कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण



**ब्यावरा।** बुधवार को सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा में राज्य स्तरीय दो सदस्य फाइनल असेसमेंट कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया डॉक्टर नीरज चैहान गोविंद पाटीदार द्वारा हॉस्पिटल अप कीप, बायोवेस्ट, मैनेजमेंट ,हाइजीन एवं सेनिटेशन, इनफेक्शन कंट्रोल, इको फ्रेंडली एक्टीविटी, वियांन्ड द वाल एक्टिविटिभ , डॉक्यूमेंट देखा गया। इसकी संपूर्ण रिपोर्ट राज स्तरीय सबमिट की जाएगी यदि स्कोर 70 प्रतिशत से ऊपर रहेगा तो संस्था अवार्ड के लिए नामित हो जाएगी चममत असेसमेंट में संस्था का स्कोर 80प्रतिशत से था इसलिए फाइनल असेसमेंट के लिए टीम को राजस्थानी से नियुक्त किया गया।

---

## भोपाल से सांवलिया सेठ मंडफिया धाम तक पैदल यात्रा का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

भोपाल जिले के झरखेड़ा निवासी वीरेंद्र पाटीदार के नेतृत्व में 11 व्यक्ति 430 किलोमीटर की पद यात्रा भोपाल से सांवलिया सरकार मंडफिया धाम राजस्थान के लिए निकले लगभग 450 किलोमीटर की यात्रा 14 फरवरी से प्रारंभ होकर 27 फरवरी तक मंडफिया धाम पहुंचेगी जिसमें खुजनेर नगर में श्री सांवलिया सेठ मंदिर पर पैदल यात्रा का स्वागत किया श्याम विश्वकर्मा एवं श्री सांवलिया सेठ उत्सव समिति के तत्वाधान में स्वागत किया गया जिसमें पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा नप उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाहा पुजारी कमल किशोर शर्मा, बृज किशोर गुप्ता, प्रेम राजपूत,अंतर सिंह राजपूत,महेंद्र शर्मा घड़ी वाले, मुकेश राजपूत वीरेंद्र शर्मा नरेंद्र विश्वकर्मा जगदीश ट्रेलर विष्णु सेन आदि द्वारा यात्रा का स्वागत किया।

---

# फर्जी ट्रांसपोर्ट एजेंट बनकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश

### चार आरोपी गिरफ्तार, आठ मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने फर्जी ट्रांसपोर्ट एजेंट बनकर ट्रक चालकों एवं मालिकों से धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के नेतृत्व में साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 फरवरी 2026 को सारंगपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के काछीखेड़ी के जंगल में कुछ युवक मोबाइल के माध्यम से फर्जी ट्रांसपोर्ट एजेंट बनकर ट्रक चालकों एवं मालिकों से ठगी कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। जंगल में नाले के पास चार युवक मोबाइल से लोगों को कॉल करते मिले। पुलिस को देखकर वे भागने लगेए लेकिन



घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में शरीफ पिता अलीमा मेव य26 वर्षद्धए साहिब पिता इस्लाम मेव य22 वर्षद्धए मुनफेद पिता इलियास मेव य28 वर्षद्ध तथा हमीद पिता छुट्टन मेव य32 वर्षद्ध शामिल हैं। चारों आरोपी ग्राम उदाकाए थाना कामा जिला डिगए राजस्थान के निवासी हैं।

#### ऐसे करते थे ठगी

आरोपी ट्रक चालकों एवं मालिकों के व्हाट्सएप ग्रुप से नंबर निकालकर देश के विभिन्न शहरों में रहने वाले लोगों को फर्जी लिंक एवं मैसेज भेजते थे। प्रलोभन देकर उन्हें झांसे में लेकर अपने खातों में पैसे डलवाते थे। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 118ध्2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर आगे की विवेचना की जा रही है।वही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आईफोनए विवो एवं ओप्पो कंपनी के कुल आठ मोबाइल फोन यलगभग 1.30 लाख रुपये कीमतद्ध जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में एसडीओपी अरविंद सिंहए थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका रही।

---

### राजगढ़ विस के लिए स्वीकृत

## सालाना बजटः राजगढ़ विस में नए बाइपास को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

शहर से होकर गुजरे एनएच-52 पर प्रस्तावित बाईपास के अलावा राजगढ़ नगर में एक और बाईपास निर्माण को स्वीकृति मिली है। राज्य सरकार द्वारा बुधवार को प्रस्तुत बजट में करीब 20 करोड़ रुपए लागत वाले इस नए बाईपास निर्माण को हरीझंडी दी गई।

क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और अधोसंरचना विकास के लिए बजट में राजगढ़ विस के लिए 23.5 करोड़ रुपए के तीन प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं जो कि लंबे समय से स्वीकृति के इंतेजार में थे। इनमें नगर के यातायात के दबाव को कम करने और शहर को बाहरी कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्धेश्य से बाईपास हेतु 20 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। यह फोरलेन बाईपास नेवज नदी से सर्किट हाऊस होते हुए बनाया जाएगा। इसके अलावा खुजनेर नगर में अतिथियों के ठहराव हेतु 2 करोड़ की लागत से आधुनिक रेस्ट हाऊस निर्माण कार्य को भी सरकार ने स्वीकृत किया है।

#### 1 करोड़ से चौड़ा होगा राजगढ़ खुजनेर मार्ग

इसके साथ ही राजगढ़-खुजनेर मार्ग के चैड़ीकरण के लिए भी 1 करोड़ 5 लाख रुपए की राशि बजट में स्वीकृत हुई है। उक्त राशि में बाद में ईजाफा किया जाएगा। इससे न केवल सड़क हादसों में कमी आएगी बल्कि आवागमन सुलभ हो पाएगा। विधायक यादव ने राज्य के सालाना बजट को जनहितेषी बताया है।

---

## पनियारा आश्रम मार्ग पर प्रवेश द्वार का भूमिपूजन

### जिपं सदस्य डॉ. विश्वनाथ दांगी की निधि द्वारा किया जा रहा निर्माण

**ब्यावरा।** मलावर के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल पनियारा आश्रम जाने वाले शमशेरपुरा - सुठालिया रोड स्थित जोड़ पूर्व विधायक स्व. गोवर्धन दांगी के संकल्प को पूर्ण करते हुए उनके पुत्र जिला पंचायत सदस्य डॉ विश्वनाथ दांगी जिपं सदस्य निधि से प्रवेश द्वार(दरवाजा) का निर्माण किया जा रहा है जिसका आज महाशिवरात्रि के अवसर पर वरिष्ठजन की उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन किया गया है पूर्व विधायक श्री रामचंद्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सिंधिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जाट,सुरेश सुमन जिला समन्वयक कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग, सरपंच चेनसिंह, शिवनारायण, शिव दांगी, अर्पित शर्मा, केपी बना, मोहन यादव, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, घीसालाल नेताजी, महेश, सरपंच विष्णु गुर्जर, हनुमंत सिंह गुर्जर, महेंद्र गुर्जर, विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, अमर सिंह, भारत सिंह, राहुल नाथ, मुकेश, देवसिंह, राहुल, अनिल गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने इस विकास कार्य को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

---

### उत्साह उमंग खुशियां सार्थक रूप में झलकती हैं जब जन्मदिन आता है : नीरज सेठिया



छापीहेड़ा। नगर परिषद छापीहेड़ा में कार्यरत श्री राम नागर को जन्मदिवस पर बधाई प्रेषित करने सभी इष्ट मित्र मिलने पहुंचे सभी में बारी-बारी से नागर को मिठाई खिलाते हुए जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की क्योंकि सेवार्थ भाव गर मन में रहता है तो विषम परिस्थितियों में भी सार्थक और सुगम परिस्थितियों का अनुभव साथ मिलने वालों से बन ही जाता है ऐसे ही मिलनसार है हम सबके लाडले नागर जी क्योंकि उनका स्वभाव सबके प्रति स्पष्ट रूप से सेवा भाभी दृष्टिकोण जैसा रखते हैं सबको साथ लेकर चलना तथा आगे बढ़ाने की राह सार्थक रूप से बताने के प्रयासों को निरंतर सबके बीच निछावर करना उनका स्वभाव ही सरलता जाहिर करता है तथा अपने कार्यों के प्रति कटिबद्धता के रूप में कार्य करना अपना कर्तव्य समझते हैं आज उनके जन्म दिवस पर जो मौजूद थे उन्होंने तथा जो बाहर थे मोबाइल के माध्यम से जन्मदिन की बधाइयां प्रेषित की।

---

### राजगढ़ में हाट बाजार के दुकानदारों को भेंट किए गुलाब के फूल

## पॉलीथिन मुक्त के लिए गांधीवादी राह पर गौसेवक

**राजगढ़।** अमानक पॉलीथीन के सेवन से गौवंश की लगातार हो रही मौतों के दृष्टिगत गौरक्षा समिति ने बुधवार को एक अभिनव पहल की है। अनेकों गौ-सेवकों ने कल मुख्यालय पर लगे साप्ताहिक हाट-बाजार पहुंचकर दुकानदारों को गुलाब का फूल भेंटकर उनसे पॉलीथीन का उपयोग न करने का आगृह किया। दुकानदारों से कहा गया कि आप लोग अगर ग्राहकों को पॉलीथीन में सामान रखकर नहीं देगे तो ग्राहक स्वयं घरों से कपड़ों के थैले, बैग लाना शुरू करेंगे। गौसेवकों द्वारा गांधीवादी तरीके से उठाए गए इस कदम की काफी सराहना की जा रही है।



इस अवसर पर नयन विजयवर्गीय, दीपू पंडा, आकाश मेवाड़े, लक्ष्य तंवर, शिवनंदन गुर्जर, संजय वर्मा, पुल्कित पिपलोटिया, पंकज वर्मा, सावन पुष्पद, रोहित शर्मा, राहुल साहू, कुलदीप गुर्जर, चंपी गरवाल, कुलदीप बना सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### कुछ हफ्ते ही सीमित रही नपा की कार्यवाही

पॉलीथीन मुक्त राजगढ़ के लिए स्थानीय निकाय द्वारा शुरूआत में जिस ऊर्जा के साथ काम किया गया था अब वह देखने नहीं मिल रहा है। नपा के कर्मचारियों ने साप्ताहिक हाट-बाजार में अमानक पॉलीथीन की जब्ती करते हुए कुछ दुकानदारों के चालान अलबत्ता बनाए थे लेकिन अब उस तरह की कार्यवाही नजर नहीं आ रही है।

---



## फाल्गुन अमावस्या पर भजन संध्या का आयोजन

**सारंगपुर।** फाल्गुनी अमावस्या के अवसर पर नगर के पंडितवाड़ी स्थित श्री पूर्णेश्वर महादेव मंदिर में सद्भावना और भक्ति का सुंदर वातावरण देखने को मिला। यहां सद्भावना भजन मंडल द्वारा सुमधुर भजन एवं गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश एवं हनुमान जी के स्मरण के साथ भजनों के माध्यम से आराधना कर की गई। मंडल अध्यक्ष सुमित जैन ने अपने अंदाज में श्तुम ढूंढो मुझे गोपाल में खोई गैया तेरीश भजन प्रस्तुत किया। वहीं मंडल के भजन गायक पंडित आनंद जोशी ने श्करके इशारों बुला ली गयो रीए बरसाने की छोरीश भजन से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गायक रामगोपाल राठौर ने श्खबर मोरी न ली रे बहुत दिन बीतेश तथा वरिष्ठ लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने श्हे दुख भंजन मारुति नंदनए श्री राम जानकी बैठे हैं सीने मेंश भजन प्रस्तुत किया। पंडित राजेंद्र जोशी ने श्मेली चादर ओढ़ केशए रोहित जैन ने श्रैक पुरावश तथा आनंद उपाध्याय ने श्राम को देखकर श्री जनक नंदिनी द्वार पर जा खड़ीश भजन प्रस्तुत किए।वरिष्ठ गायक ओमप्रकाश सोनी ने श्छोड़ बैठा है सारा जमाना हमेंश भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही बालमुकुंद गुप्ता और श्याम बृजवासी ने भी अपनी भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में आर्गन पर परमानंद जोशी तथा तबले पर सुनील राव ने संगत दी। भजन संध्या के दौरान होली पर्व की आहट को ध्यान में रखते हुए कलाकारों ने होली गीतों की भी प्रस्तुति दीए जिससे माहौल रंगमय हो गया। इस अवसर पर सतीश राठौरए गोपाल वेद्यए कमल राठौरए लखन सोनीए रवि राठौर सहित बड़ी संख्या में भजन प्रेमी उपस्थित रहे।

---

### मध्यप्रदेश बजट 2026-27 में मंत्री पंवार के प्रयास हुए सफल


# मंत्री के प्रयासों से ब्यावरा को मिली कई सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत मध्य प्रदेश के बजट 2026-27 में ब्यावरा विधानसभा को आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बड़ी सौगातें प्राप्त हुई हैं। मंत्री नारायण सिंह पंवार के सतत प्रयासों एवं सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

#### पार्वती पुल निर्माण - क्षेत्र की जीवनरेखा को मिलेगी नई मजबूती

ब्यावरा विधानसभा के मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा के संयुक्त प्रयासों से नरसिंहगढ़-बैरसिया मार्ग पर पार्वती नदी के ऊपर नए पुल के निर्माण को इस बजट में स्वीकृति मिली है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा, बैरसिया एवं नरसिंहगढ़ की सीमा पर स्थित इस मार्ग पर बना पुराना पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद से आवागमन पूर्णतः बंद है। इससे हजारों नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़



रहा था। यह मार्ग न केवल ब्यावरा, बल्कि पचोर, नरसिंहगढ़, जीरापुर एवं विदिशा जैसे निकटवर्ती क्षेत्रों के किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आमजन की दैनिक जीवनचर्या तथा व्यापारिक गतिविधियों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। ऐसे में 22 करोड़ की स्वीकृति क्षेत्र के लिए अत्यंत राहतकारी और विकासोन्मुख कदम माना जा रहा है।

**यह हैं प्रमुख स्वीकृतियां जिनसे होगा शहर का विकास**

1. नरसिंहगढ़ एवं बैरसिया के मध्य पार्वती नदी पर नवीन पुल निर्माण हेतु 22 करोड़
2. ब्यावरा में सुठालिया रोड के उन्नयन एवं चौड़ीकरण हेतु 15 करोड़
3. पीपल चैराहा से राजगढ़ बायपास तक सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन हेतु 4 .50 करोड़
4. नगर ब्यावरा में सड़क उन्नयन को प्राथमिकता
5. ब्यावरा नगर में भी यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।
6. पीपल चौराहा से राजगढ़ बायपास तक सड़क का चौड़ीकरण एवं उन्नयन
7. सुठालिया रोड का उन्नयन एवं चौड़ीकरण
8. इन मार्गों पर प्रतिदिन भारी यातायात का दबाव रहता है, जिससे आवागमन में बाधा, जाम की स्थिति एवं नागरिकों को असुविधा होती है। सड़क उन्नयन कार्य से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि नगर सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित शहरी विकास को भी गति मिलेगी।